卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 314 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦26 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## कार में महिला और पुरुष का शव मिलने से सनसनी

देहरादून(उद संवाददाता)।थाना राजपुर क्षेत्र में कार से महिला और पुरुष का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार सुबह थाना राजपुर को कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली कि सहस्त्रधारा हेलीपैड के पीछे नागल वाली रोड पर एक मारुति वैन खड़ी है, जिसमें एक महिला व एक पुरुष अचेत अवस्था में पड़े है। सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष राजपुर मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे तो सहस्त्रधारा हेलीपैड के पीछे नागल वाली रोड पर सड़क किनारे एक वैगन आर टैक्सी खड़ी मिली, जिसमें एक व्यक्ति राजेश साहू उम्र करीब 50 वर्ष व एक महिला महेश्वरी उम्र करीब 45 वर्ष अचेत अवस्था में सामान्य रूप से बैठे मिले। घटना की प्राथमिक जानकारी से पता चला कि वो वाहन मृतक राजेश साहू का ही था और राजेश साहू व महेश्वरी देवी दोनों कांठ बांग्ला थाना राजपुर क्षेत्र के रहने वाले थे। राजेश साहू पेशे से ड्राइवर था। महेश्वरी देवी विधवा है। घटनास्थल के प्रारंभिक निरीक्षण में कोई संधिग्ध स्थिति नहीं पाई गई व दोनों व्यक्ति अचेत अवस्था में सामान्य (शेष पृष्ठ सात पर)



## उत्तराखण्ड में भूकंप से फिर डोली धरती

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी में रविवार रात भूकंप से धरती डोल गई। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र भी देहरादून बताया गया है, जो जमीन से लगभग पांच किलोमीटर नीचे था। प्रशासन आगामी तीन से चार दिन तक भूकंप की आशंका को लेकर निकट निगरानी करेगा। राजधानी के कुछ इलाकों में ये भूकंप के झटके महसूस हुए थे। हालांकि, रात करीब 9.56 बजे आए भूकंप की तीव्रता काफी कम थी इसलिए इससे कहीं नुकसान नहीं हुआ। जिला आपदा कंट्रोल रूम को भी इसकी जानकारी नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी की वेबसाइट से ही मिली। इसके बाद जिला आपदा कंट्रोल रूम सक्रिय हुआ। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ऋषभ कुमार ने बताया कि वेबसाइट पर पता चला है कि इसका केंद्र देहरादून (शेष पृष्ठ सात पर)



## लापता पुलिस कर्मी का फ्लाईओवर से शव बरामद

देहरादून (उद संवाददाता)।नगर कोतवाली क्षेत्र में सप्तऋषि फ्लाईओवर पर संदिग्ध हालात में पुलिस कर्मी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत की वजह साफ हो पाएगी। पुलिस के अनुसार, देहरादून में तैनात कांस्टेबल कैलाश भट्ट 18 अगस्त को गैरसैंण हुए विधानसभा सत्र में ड्यूटी के लिए गया था। मगर वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचा। इसको लेकर कांस्टेबल की गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी। रविवार की देर रात सप्तऋषि फ्लाईओवर पर कांस्टेबल का शव अध नग्न अवस्था में मिला। पास में ही उसकी कार भी खड़ी थी।गाड़ी के अंदर वर्दी और अन्य सामान था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भिजवा दिया। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौत के कारणों की पुष्टि नहीं हो पायी है, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता लग पायेगा।

## कैंटर के केबिन में युवक का शव बरामद

रामनगर (उद संवाददाता)।कुष्ठ आश्रम के समीप स्थित वन निगम के खाली पड़े प्रांगण में खड़े एक कैंटर वाहन के केबिन में एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त कराई और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्रांतर्गत कुष्ठ आश्रम के पास वन निगम के खाली प्रांगण में खड़े कैंटर वाहन में शव होने की सूचना कुछ लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कोतवाल अरुण कुमार सैनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने उक्त वाहन के केबिन में पड़े शव को बाहर निकाल कर उसकी शिनाख्त कराई।मृतक की शिनाख्त 36 वर्षीय बलविंदर सिंह निवासी भवानीगंज के रूप में हुई। घटना के बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गये। मृतक के परिजनों ने बलविंदर की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाइ है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा (शेष पृष्ठ सात पर)



## महिला अधिवक्ता से बस में छेड़छाड़

सितारगंज (उद संवाददाता)। किच्छा हाईवे में बस में सवार महिला अधिवक्ता से दो युवकों ने छेड़छाड़ की। आरोपियों ने महिला अधिवक्ता को अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने महिला अधिवक्ता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। किच्छा रोड के एक गांव निवासी महिला अधिवक्ता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 24 अगस्त को सितारगंज के सिविल कोर्ट से काम निपटाकर वह किच्छा कोर्ट में गई थी। रास्ते में दो युवक (शेष पृष्ठ 7पर)

## 101 दुकानों और भवनों को हटाने के लिए नोटिस जारी

### चार सितंबर तक खुद हटाना होगा निर्माण, पांच सितंबर को चलेगा बुल्डोजर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रोडवेज बस स्टेशन से मंगलपड़ाव तक अतिक्रमण की जद में आ रही 101 दुकानों व भवनों को हटाने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर से कमर कस ली है। नगर निगम व लोक निर्माण विभाग ने दुकानदारों व भवन स्वामियों को सार्वजनिक नोटिस जारी कर दिए हैं। जिसमें कहा गया है कि चार सितंबर तक अतिक्रमण हटा लें या ध्वस्त कर लें। अन्यथा पांच सितंबर से बलपूर्वक बुलडोजर चलाया जाएगा। इतना ही नहीं अतिक्रमण हटाने में जो खर्च आएगा। उसकी वसूली भी दुकानदारों से होगी। इससे पूर्व नगर निगम व लोकनिर्माण विभाग ने अतिक्रमण 23 अगस्त तक हटाने को कहा था, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश पर 10 दिन सुनवाई के लिए दिए गए हैं। जो चार सितंबर को पूरे हो जायेंगे। बता दें कि सड़क के बीच से 12-12 मीटर की जगह छोड़नी है, क्योंकि हाईवे चौड़ीकरण का (शेष पृष्ठ सात पर)



आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

## खाली प्लाट में युवक का शव मिला

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में खोखरा ताल रोड पर श्मशान घाट के समीप खाली पड़े प्लॉट में सुबह सवेरे युवक की लाश पड़े होने की सूचना ने इलाके में सनसनी मचा दी। आईटीआई थाना पुलिस को जैसे ही इसका पता चला कोतवाल प्रवीण कोश्यारी मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल के पास पुलिस को एक कार बरामद हुई। मृतक की शिनाख्त पुलिस ने उसकी जेब में मिले आधार कार्ड के आधार पर आवास विकास बस्ती वार्ड नंबर 4 काशीपुर निवासी शशांक डोभाल 32 वर्ष पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में की। प्रथम दृष्ट्या जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक नशे का आदी था और पूर्व में गाजियाबाद में जॉब करता था। घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि मृतक अविवाहित था। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि पिछले लगभग दो माह से मृतक डिप्रेशन में था और घर पर ही रह रहा था। बीते 25 अगस्त की सुबह लगभग 10बजे वह घर से निकला इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने घटनास्थल पर मिले कार संख्या यूके 06 वाई/5214 के बारे में जानकारी निकाली तो पता चला कि यह वाहन मोहल्ला सुभाष नगर काशीपुर निवासी राकेश सक्सेना पुत्र रघुनंदन सक्सेना के नाम पंजीकृत है। मृतक (शेष पृष्ठ सात पर)



# नर्स हत्याकाण्ड के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: कुसुम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अध्यक्ष राज्य महिला आयोग श्रीमती कुसुम कंडवाल ने निजी अस्पताल में कार्यरत नर्स तस्लीम जहाँ की हुई हत्या का संज्ञान लेते हुए रुद्रपुर पहुँच कर घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी देखी। इसके उपरांत श्रीमती ने निजी अस्पताल जहाँ मृतका कार्य करती थी वहां जाकर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारीयों से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने मृतका के घर (गदरपुर )जाकर उसके माता पिता व परिवार से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। श्रीमती कंडवाल ने कहा कि राज्य महिला आयोग व प्रदेश सरकार हर तरह से परिवार के साथ है। उन्होंने कहा की परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग की जिस पर आयोग एक कमेटी बना कर जांच कराएगा और इस जाँच में किसी भी रूप से पुलिस का हस्तक्षेप नहीं होगा। जाँच किसी भी कंडीशन में प्रभावित नहीं होने दी जाएगी, जाँच बिल्कुल निष्पक्ष होंगी और दोषियों कोई किसी भी सूरत पर बक्शा नहीं जायेगा, आरोपी कोई सजा अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि तस्लीम हमारी बेटी थी और उसके परिजनों को साथ न्याय दिलाना हमारी जिम्मेदारी है, जिसे हम पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कल इस प्रकरण में वह स्वंय जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से रुद्रपुर कलेक्ट्रेट में वार्ता करेंगी। उन्होंने कहा कि महिला आयोग प्रत्येक महिला के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि देवभूमि में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है, इस प्रकरण में परिवार जनों को संदेह है कि घटना को अंजाम देने में अन्य और लोग भी शामिल है। उन्होंने कहा कि परिजनों के मांग पर महिला आयोग अपनी अलग कमेटी बना कर इस पुरे प्रकरण कि निष्पक्ष जाँच करेगा और जो भी दोषी होगा उसे बक्सा नहीं जायेगा. उन्होंने कहा कि जाँच पूरी होने तक परिवार जन धैर्य रखें, उनको हर हाल में न्याय मिलेगा। इस अवसर पर एएसपी मनोज कत्याल, निहारिका तोमर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, भाजपा महिला मोर्चा से रश्मि रस्तोगी, फरजाना बेगम, स्वेता मिश्रा आदि उपस्थित थे।





# प्रभु की कृपा से संसार में कुछ भी असम्भव नहीं : श्री हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हमारा भगवान के प्रति सच्चा प्रेम है भगवान की कृपा तो प्राप्त होगी ही साथ ही वह स्वयं भी हमारे पास आने को आतुर हो जाएगा। भगवान के प्रति प्रेम सच्चे मन से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रेम व्यापार नहीं है। शबरी का भगवान राम के प्रति सच्चा प्रेम व गुरु के प्रति दृढ़ विश्वास ही था जो भगवान राम स्वयं चलकर उसकी कुटिया पर आए थे। अत: हम भी अपने गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलकर उसे प्रेम परिपूर्ण परमात्मा को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रभु व गुरु पर पूर्ण लगन व निष्ठा से अपने अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। भगवान की कृपा से असंभव भी संभव हो जाता है। भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए कृपा पात्र होना जरूरी है। प्रचवचन के दौरान वातावरण श्री गुरु महाराज "कामां के कन्हैया" लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा।



# लखपति दीदी सम्मान समारोह आयोजित

नानकमत्ता(उद संवाददाता) महिला क्लस्टर संगठन सिद्धा गांव में लखपति दीदी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला संयोजक लघु उद्योग प्रकोष्ठ उमेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर की । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उमेश अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी की बहनों को लखपति बनाने की योजना संचालित की जा रही है, जिसमें कई बहनों का चयन लखपति योजना के तहत किया गया है, लखपति दीदी की योजना देश के प्रधानमंत्री द्वारा पूरे देश में एक साथ शुरू की गई है,महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार द्वारा अथक प्रयास किया जा रहे हैं, जिसके तहत आज यह कार्यक्रम ग्राम सिद्धा में आयोजित किया गया है, कार्यक्रम में क्लस्टर डायरेक्टर मंजू दीदी , मंगेश्वरी राणा के साथ लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




# पांचवी उत्तराखंड स्टेट पेंचक सिलाट चैंपियनशिप शुरू

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पांचवी उत्तराखंड स्टेट पेंचक सिलाट चैंपियनशिप शुरू हो गई। जिसका शुभारंभ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ, बाल आयोग के सदस्य दीपक गुलाटी बल्देव राज छाबड़ा ने विधिवत रूप से किया। उन्होंने सभी खिलाड़ी बच्चों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें बेहतर खेल की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि चुघ ने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए ऐसी प्रतियोगिता बच्चों के लिए सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खेलों से जहां शारीरिक रूप से मजबूती आती है वहीं मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भी इन प्रतियोगिताओं को बढ़ावा मिल रहा है और खेलने वाले खिलाड़ी छोटे शहरों से निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे और अपना तथा शहर और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी । बाल आयोग के सदस्य दीपक गुलाटी ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं जीवन का अहम हिस्सा है युवाओं को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भी भाग लेना चाहिए। भूरारानी स्थित द्वारिका फार्म वेंकट हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में छह जनपद के 500 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं संगठन के महासचिव बबलू दिवाकर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उधम सिंह नगर ,देहरादून ,हरिद्वार, नैनीताल, पिथौरागढ़, चंपावत और पौड़ी गढ़वाल के खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतियोगिता में जीतने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।इस दौरान विशिष्ट अतिथि ,बलदेव राज छाबड़ा, सहित नैनीताल के महासचिव राकेश, देहरादून की सारिका, पिथौरागढ़ के सुनील, चंपावत की पूजा मेहरा, उधम सिंह नगर के जितेंद्र कुमार ,हरिद्वार के अमित चौधरी व मनोज ,कार्तिक ,रोहित, आशीष , अभिषेक, सजल, तनीषा, आयशा, कंचन , रितिका, अनामिका ,राहुल, राज कोली, सनी पासवान, सनी पुनियानी तमाम लोग मौजूद थे।






# खंड विकास कार्यालय में हुआ लखपति दीदी सम्मान समारोह

गदरपुर(उद संवाददाता)। खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय गदरपुर के सभागार में लखपति दीदी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना गया। ब्लॉक गदरपुर में इसी कड़ी में नारी शक्ति को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लखपति दीदी की श्रेणी में आ चुकी लगभग 200 महिलाओं को सम्मान पत्र भी वितरित किए गए। महिलाओं द्वारा मंच पर आकर सफलता की ओर अपने पहले कदम के बाद से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, रीप परियोजना व बैकों के सहयोग से सफलता के पथ पर आगे बढ़ने के अपने अनुभव सांझा किये। इस अवसर पर महिलाओं ने आचार, पापड़, बेकरी,जूट सामग्री,मसालों के कार्य,पेपर बैग्स, प्रिंटिंग वर्क,मशरूम उत्पादन,नर्सरी कार्य,जड़ी बूटी की खेती,परचून दुकान, मौनपालन, बुटीक, कृषि,पशुपालन, मत्स्य पालन आदि गतिविधियों के द्वारा अपनी आय को क्रमिक रूप से बढ़ाते हुए अच्छी आर्थिक स्थिति तक आने के अनुभव सांझा किये। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा एन आर एल एम से जुड़ी महिलाओं का हौंसला बढ़ाते हुए योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु बताया गया। कार्यक्रम में इन सभी महिलाओं के साथ ही खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती अतिया परवेज,सहायक खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी, मिशन मैनेजर शखावत शाह, अब्दुल कादिर, सुमित उपाध्याय, राधा बाठला,आई पी आर पी राखी, कंप्यूटर ऑपरेटर रवि, हीरा बिष्ट,कपिल कुमार, सोमपाल, राखी, गोविन्द,ज्ञान सिंह वक्लस्टर लेबल की महिलाएं मौजूद रहीं।




# रूद्रपुर कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग

लालकुंआ(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद लालकुंआ इकाई की बैठक में रूद्रपुर कोतवाल द्वारा पत्रकार दीपक शर्मा के साथ अभद्रता किये जाने पर रोष व्यक्त करते हुए रूद्रपुर कोतवाल को शीघ्र हटाने की पुरजोर मांग की गयी। बैठक में तय किया गया कि रूद्रपुर कोतवाल के खिलाफ शीघ्र ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा। पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी की अध्यक्ष में आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती समेत पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। रूद्रपुर कोतवाली में बीते दिनों पत्रकार दीपक शर्मा के साथ कोतवाल मनोहर दसौनी द्वारा की गयी अभद्रता का मुद्दा बैठक में विशेष रूप से छाया रहा सभी ने एक स्वर से कोतवाल को हटाने की मांग की। इस सम्बंध में एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकारों के हितों को लेकर संगठन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन तेज करेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं को सहन नहीं किया जायेगा। श्री गुलाटी ने हा कि बुधवार को पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा का जल्द ही वार्षिक सम्मेलन होने जा रहा है, इस सम्मेलन में भी पत्रकार उत्पीड़न का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया जायेगा। बैठक में बैठक में नैनीताल जिला अध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट , उपाध्यक्ष विशन दत्त मिश्रा, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह नेगी, सचिव दीपक बिष्ट, संगठन मंत्री विनोद बिष्ट, कोषाध्यक्ष विजय सिंह, नयाल कमल सुनाल पान सिंह बिष्ट आदि सम्मिलित रहे।



# विधायक पाण्डे ने किया सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 में पानी की टंकी के पास पूर्व शिक्षा मंत्री वर्तमान विधायक अरविंद पांडे ने सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया और ईओ आशीष नेगी के कार्यों की प्रशंसा की। स्वच्छता अभियान के तहत एक कदम आगे बढ़ाया जा रहा है । इस अवसर पर चेयरपर्सन अनिता दुबे, तरुण दुबे, डॉ कुलदीप रघुवंशी, संजीव भटेजा, सतीश चुघ, गुरमेल सिंह, बिजेंद्र यादव,ओमप्रकाश डोगरा,संजीव गुप्ता, भूपेंद्र आर्य, राजू पाठक, केपी सिंह, रामकिशन दहूजा, अमित गुप्ता, चिमनलाल रलहन, इंदर सिंह राठौड़, बिट्टू यादव, शेष नारायण शुक्ला, रमेश सागर, गोविंद राजभर, राजेश सिंह, मुकेश राजभर आदि थे।




**आवश्यकता है**

श्री वर्धमान किराना मर्चेंट गोल मार्केट रुद्रपुर में **स्टाफ कार्य** हेतु युवकों,युवतियों **एवं कंप्यूटर बिलिंग** के लिए युवकों की

**-संपर्क करें-**

9837491508

# कृष्ण बनो प्रतियोगिता की दिविशा अरोरा बनी विजेता

## मीडिया क्लब ने धूमधाम से आयोजित कराई कृष्ण बनो प्रतियोगिता ,नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधा कृष्ण की वेश भूषा में मन मोहा







गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर में प्रथम बार मीडिया क्लब की ओर से आयोजित कृष्ण बनो प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधा कृष्ण की वेश भूषा में मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंडित विजय शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विनोद भुसरी व विजय सुखीजा का मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल द्वारा माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिला जज किरन बजाज व रश्मि ईशपुजानी और कार्यक्रम सहयोगी मीनू पाल को भी मीडिया क्लब की टीम द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला जज द्वारा बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए फर्स्ट सेकंड और थर्ड बच्चों की घोषणा की गई। मंच का संचालन विकास तनेजा ने किया जिनकी मीठी वाणी से दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। बुध बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर में रविवार को मीडिया क्लब की ओर से कृष्णा बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 50 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। कुछ कृष्ण बने बच्चों ने देशभक्ति तो कुछ ने धार्मिक धुनों पर नृत्य कर मन मोह लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दिविशा अरोरा ने जीता। द्वितीय स्थान पर शिवकी सीकरी और तीसरे



स्थान पर सांझ सुधा रही। प्रथम विजेता को 5100 द्वितीय को 2100 और तृतीय विजेता को 1100 रूपये का पुरस्कार दिया गया। अन्य बच्चों को भी रिटर्न गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से करने में क्वीन ब्यूटी पार्लर की एम डी मीनू पाल ने भी अहम भूमिका निभाई। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बेहड, महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा ने भी कृष्ण बने बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय सुखीजा और विनोद भुसरी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर धर्म के प्रति जागरूकता आती है और मंच पर आकर कुछ करने का जज्बा भी पैदा होता है। मीडिया क्लब द्वारा पहली बार गदरपुर में इस तरह का आयोजन किया गया है जो कि सराहनीय हैं। मीडिया क्लब द्वारा कार्यक्रम में आए सभी लोगों को प्रसाद भी वितरित किया गया । मीडिया क्लब की टीम ने कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ,थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान, सागर गाबा ,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ को भी सम्मानित किया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे संजीव झाम,परमजीत सिंह पम्मा, सिद्धार्थ भुसरी, सुरेश खुराना, रमन छाबड़ा, राजकुमार गुंबर,एडवोकेट आर पी सिंह, सुरेन्द्र बजाज,अजय खेड़ा, लेखराज भुड्डी,लेखराज नागपाल, राजकुमार भुड्डी, सुरेन्द्र छाबड़ा, अमरजीत बजाज, राजू सिंधी,जुगनू डंग, मिंटू गुंबर, कपिल गंडा, मीडिया क्लब के दिनेशपुर से पहुंचे पत्रकार बंधु दुलाल चक्रवर्ती, देवेंद्र राय, काजल राय,वह गदरपुर के पत्रकार साथी शाहनूर अली, उमर अली, निशांत सिंह ,विपुल प्रजापति, किशन गुप्ता,राजेंद्र छाबड़ा, विनोद ढींगरा, रिजवान अख्तर, ठाकुर रामपाल सिंह, नितिन छाबड़ा, अमित कुमार, अरुण नागपाल, सचिन सिंघल, रिंकू शर्मा, बाबा देवेंद्र सिंह सहित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के लोग मौजूद थे।

## प्रतियोगिता की सफलता पर जताया आभार

गदरपुर । मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल ने मीडिया क्लब द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम कृष्णा बनो प्रतियोगिता की सफलता पर कार्यक्रम में पहुंची सम्मानित जनता और मीडिया क्लब की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि अगर सभी का साथ मिले तो हर प्रोग्राम को बहुत अच्छे ढंग से आयोजित किया जा सकता है। कहा कि उन्हें अपने शहर के लोगों और अपनी टीम पर विश्वास था कि हम सफल कार्यक्रम का आयोजन करेंगे मुकेश पाल ने बताया की उम्मीद से ज्यादा प्यार और कार्यक्रम में लोग पहुंचे पुनः उन्होंने नगर की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कृष्ण बनो प्रतियोगिता के आयोजन में लगभग 700 से अधिक पुरुष और महिलाएं पहुंचे संख्या अधिक होने पर मंदिर हॉल के दरवाजे खोल दिए गए ताकि कार्यक्रम में आने वाले अतिरिक्त लोग भी आसानी से प्रोग्राम देख सकें।


























समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
पर्व की हार्दिक बधाई
वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रुद्रपुर



समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
पर्व की हार्दिक बधाई
धीरेन्द्र मिश्रा
जिलाध्यक्ष
भाजपा किसान मोर्चा,उधमसिंह नगर


कृष्ण जन्माष्टमी
समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
पर्व की हार्दिक बधाई
सीए शिव अरोरा
विधायक,रुद्रपुर विधानसभा


क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
HYUNDAI BINDAL HYUNDAI
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal, M.D.
Kichha By Pass Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand
Ph.: 05944-244155, Mob.: 9917262000, 9639300033


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
सिद्धेश्वर श्री बालाजी मन्दिर
बालाजी द्वारा आदर्श कालोनी, रुद्रपुर
श्रद्धेय परम पूज्य
महंत श्री रमेश वशिष्ठ जी
मो. 9412981982


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी
पर्व की हार्दिक बधाई
श्री अग्रवाल महिला समिति, रुद्रपुर
सुषमा अग्रवाल
अध्यक्ष
प्रिया गर्ग
महामंत्री
उषा श्यामपुरिया
कोषाध्यक्ष


श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) रुद्रपुर
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
श्री लक्ष्मी नारायण (पाँच मन्दिर),श्री हरि मन्दिर, श्री रामबाग शमशान घाट,
श्री सनातन धर्म कन्यामहाविद्यालय, श्री सनातन धर्म कन्या इण्टर कालेज,
श्री सनातन धर्म विद्या मन्दिर,श्री सनातन स्त्री सत्संग सभा,
श्री सनातन धर्म महावीर दल,श्री सनातन धर्म युवा मंच
एड.महेश बब्बर
अध्यक्ष
ओमप्रकाश अरोरा
महामंत्री
आनन्द कुमार
कोषाध्यक्ष


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
पर्व की हार्दिक बधाई
पंकज बांगा
बांगा क्रेन सर्विस, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
पर्व की हार्दिक बधाई
कृष्ण जन्माष्टमी
Sunil Kalra
9927032888
BALAJI TRADING CO.
Deals in All Kinds of Industrial scrap
वनखण्डी नाथ नगर, सिडकुल रोड, ग्राम फुलसुंगी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
चन्द्रकेश यादव
तिरूपति कन्वेसिंग एजेन्ट
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊ०सि०नगर) मो० 9412089030
तिरूपति पैडी प्रोडक्टस
नगर पालिका मार्केट, दुकान नं०58, रुद्रपुर मो० 9917304466


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
राजेश अरोरा 'पप्पल'
मनिक अरोरा
तिलक राज अरोरा
अब आपके शहर रुद्रपुर में पहली बार अत्याधुनिक एवं फैन्सी.....
pvc wall & ceiling panels
EESHA TRADERS
SRA, E-2, Kashipur By Pass Road Opp. Police Chowk, Rudrapur


समस्त क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
ओम बापू
मशीनरी स्टोर
हरीश चन्द्र जुनेजा
विशाल जुनेजा
निकट श्री बालाजी मन्दिर, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर मो0 9897736739, 05944-245571


सुनील ठुकराल
मण्डल अध्यक्ष
भाजपा दक्षिणी मण्डल,रुद्रपुर
श्री गुरुदास कलेक्शन
मटके वाली गली, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)


क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी
पर्व की हार्दिक बधाई
कामेश्वर सिंह 'जेटली'
वरिष्ठ भाजपा नेता,भगवानपुर,उधमसिंहनगर


एक हाँथ में बंसी उसके, एक हाथ चक्र संघार है।
मेरा कान्हा बंसी वाला, सबका पालनहार है ।।
समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
मोहन लाल खेड़ा
निवर्तमान पार्षद भूरारानी, रुद्रपुर

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## रक्षा उपकरणों की आपूर्ति

पिछले कुछ वर्षों में भारत और अमेरिका के रिश्ते काफी मजबूत हुए हैं। खासकर रक्षा मामलों में भारत का रुख अमेरिका की तरफ अधिक केंद्रित होता गया है। आपूर्ति सुरक्षा व्यवस्था यानी एसओएसए पर समझौता उसी की एक कड़ी है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने भारत के लिए 443 करोड़ के रक्षा उपकरणों की आपूर्ति को मंजूरी दे दी है। यह समझौता भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा के दौरान हुआ। इसमें दोनों देशों ने तकनीकी हस्तांतरण और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सैन्य सहयोग बढ़ाने जैसे कई अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की। इस समझौते से शांतिकाल, आपात स्थितियों और सशस्त्र संघर्षों में आपूर्ति शृंखला मजबूत होगी। इससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधी उत्पादों के अधिग्रहण में आसानी होगी। माना जा रहा है कि इससे रक्षा क्षेत्र में भारतीय और अमेरिकी कंपनियों के बीच निवेश और साझेदारी के नए रास्ते खुलेंगे। भारत अब उन घरेलू कंपनियों की सूची तैयार करेगा, जो अमेरिका को सैन्य उपकरणों की आपूर्ति करने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए स्वेच्छा से आगे आएंगी। इससे आने वाले वर्षों में भारतीय कंपनियों के लिए महत्त्वपूर्ण व्यावसायिक अवसर मिलने की उम्मीद है। भारतीय सेना लंबे समय से अत्याधुनिक उपकरणों की कमी की शिकायत करती रही है। इसके मद्देनजर पिछले कुछ वर्षों में लड़ाकू विमानों, पनडुब्बियों, मिसाइलरोधी उपकरणों आदि की खरीद करके सेना को मजबूत बनाने का प्रयास हुआ है। मगर बदलती जरूरतों के मुताबिक अभी सेना को और सशक्त बनाने की जरूरत महसूस की जाती है। हालांकि भारत को सबसे अधिक खतरा चीन से रहता है। पिछले कुछ वर्षों से चीन जिस तरह भारत को धमकाने और चालाकी से थल और जल क्षेत्र में अतिक्रमण करने का प्रयास करता देखा जाता है, इसके चलते दोनों देशों के बीच अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती है, उसमें जमीन और आसमान से मार करने वाले अत्याधुनिक हथियारों के अलावा समुद्र में प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत पर सदा से बल दिया जाता रहा है। अमेरिका के साथ हुए ताजा समझौते में हिंद-प्रशांत में सुरक्षा बढ़ाने पर अधिक जोर है। इस सौदे में खरीदी जाने वाली पनडुब्बियां भारतीय सेना के लिए काफी मददगार साबित होंगी। अमेरिका के साथ रक्षा आपूर्ति व्यवस्था संबंधी समझौते का बड़ा लाभ यह होगा कि विषम परिस्थितियों में भी अमेरिका भारत को रक्षा सहयोग देने से इनकार नहीं कर सकेगा। हालांकि बदलती वैश्विक स्थितियों में किसी भी देश के साथ लंबे समय तक सकारात्मक संबंधों का भरोसा नहीं दिलाया जा सकता। रक्षा क्षेत्र में भारत का बल आत्मनिर्भर बनने पर है। इसके लिए अनेक सफल प्रयास भी हुए हैं। लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक के निर्माण में सफलता मिली है। हल्के हथियारों के मामले में दूसरे देशों पर निर्भर रहने के बजाय स्वदेशी तकनीक से उन्हें विकसित करने में काफी हद तक कामयाबी हासिल हुई है। रक्षा उपकरणों के उत्पादन में अनेक निजी कंपनियों के लिए भी रास्ता खोल दिया गया है। दरअसल, अब रक्षा उपकरणों का निर्माण केवल आंतरिक जरूरतों का मामला नहीं रह गया है। यह अर्थव्यवस्था की मजबूती का भी बड़ा आधार बन चुका है। ऐसे में अमेरिका के साथ हुए समझौते से भारत के लिए यह अवसर बनेगा कि वह निजी कंपनियों को अमेरिका के लिए आपूर्ति किए जा सकने वाले रक्षा उपकरणों के उत्पादन को प्रोत्साहित करे। इससे दूसरे देशों को रक्षा सामग्री की आपूर्ति का बाजार भी खुलेगा।

## जॉब लगाने के नाम पर दो युवतियों से हजारों की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल की फैक्ट्री में जॉब लगाने के नाम पर एक व्यक्ति ने दो युवतियों से हजारों रुपए ठग लिए। उस व्यक्ति ने न तो जॉब लगवाई और न ही रुपए वापस किए। पीड़ित युवतियों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। युवतियों का कहना है कि वह कई दिनों से रोजगार की तलाश कर रही थी। तभी उन्हें वीरेंद्र नाम का एक व्यक्ति मिला जिसने सिडकुल में जॉब लगवाने का भरोसा दिलाया। युवतियों का आरोप है कि विरेंद्र ने जॉब लगाने के लिए रुपए मांगे। जिस पर किसी तरह दो हजार रुपयों की व्यवस्था कर उसे दे दिए। जिसके बाद विरेन्द्र रोज भरोसा दिलाता रहा कि कल से आप की ज्वाइनिंग हो जायेगी। वीरेंद्र को 22 अगस्त को 2000 रुपए दिए थे। वह रोज कभी कोई कभी कोई कम्पनी में भी भेज रहे है। पर जॉब अभी तक नही लगाई और न रुपए वापस कर रहे है। उनका कहना है कि वह आज भी रोजगार के लिए भटक रही हैं। युवतियों ने पुलिस से विरेंद्र को दिए दो हजार रूपए वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# सितारगंज, हल्द्वानी जेल से छूट जायेंगे अंडर ट्रायल कैदी

### जेलों में बढ़ती भीड़ को घटाने के लिए पीआईएल में सुप्रीम बेल

सितारगंज(उद संवाददाता)।सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बीएनएस की धारा 479 के प्रावधान में पहली बार अपराध करने वाले आरोपियों को छूट प्रदान की है। अगर वे आरोपी निर्धारित अधिकतम अवधि की एक तिहाई अवधि हिरासत में रहा होगा तो उसे जमानत पर रिहा किया जायेगा। यह प्रावधान एक जुलाई से पहले सभी विचाराधीन मामलों में लागू होगा। जबकि केंद्रीय कारागार सितारगंज में लगभग 30 विचाराधीन और हल्द्वानी उप कारागार में इस तरह के कैदियों की संख्या काफी है। अदालत का आदेश जेल में पहुंचने पर इस प्रक्रिया को शुरू कर दिया जाएगा। सेंट्रल जेल एवं संपूर्णानंद शिविर में लगभग 915 दोषसिद्ध, विचाराधीन बंदी है। जिनमें लगभग 30 बंदी अंडर ट्रायल हैं। जबकि हल्द्वानी उप कारागार में



विचाराधीन बंदियों की काफी संख्या बताई जा रही है। जेलों में बढ़ती भीड़ के कारण सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दायर जनहित याचिका पीआईएल पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने जेल अधीक्षकों से कहा कि वे संबंधित अदालतों के माध्यम से विचाराधीन कैदियों के आवेदन पर कारवाई करे। यह कारवाई तीन माह के भीतर होनी चाहिए। बीएनएस की धारा 479 के अनुसार पहली बार अपराध करने वाले और जिन्हे कभी किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है। इस तरह के अंडर ट्रायल बंदियों को नई छूट दी गई है। अगर इस तरह के बंदी निर्धारित अवधि की एक तिहाई अवधि तक हिरासत में रहा होगा तो उसे जमानत पर रिहा किया जाएगा। जिलों में बढ़ती भीड़ के कारण जनहित याचिका पर यह फैसला दिया गया है। हालांकि सितारगंज सेंट्रल जेल प्रशासन के पास सुप्रीम कोर्ट के आदेश अभी नही पहुंचे है। जबकि आदेश मिलते ही सेंट्रल जेल में इस तरह के 30 हिरासत वाले बंदियों में विभाग छटनी कर सकता है। हल्द्वानी उप कारागार में इस तरह के बंदियों कि सितरगंज सेंट्रल जेल से कई गुना अधिक संख्या बताई जा रही है। हल्द्वानी उप कारागार के जेल अधीक्षक प्रमोद पांडे से इस संबंध में संपर्क किया गया। लेकिन व्यस्त होने के कारण बात नही हो सकी।

# पुलिस को खुली चुनौती दे रहे अपराधी

### चोरी और स्नेचिंग की घटनाओं को रोकने में पुलिस नाकाम

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस लाख प्रयासों के बाद भी लगातार हो रही चोरी,चेन स्नेचिंग जेसी घटनाओं को रोकने में सफल नहीं हो पा रही है । एक माह पहले टोल प्लाजा के समीप साइकिल सवार उद्योगपति के पुत्र के साथ हुई चेन स्नेचिंग की घटना का किच्छा पुलिस पर्दाफाश नही कर पाई थी कि एक महिला के गले से झपटमारों ने सोने की चेन उड़ा डाली। पुलिस गश्त को हवा में उड़ाते हुए बाइक सवार बदमाशो ने चेन स्नेचिंग की दो घटनाओं को अंजाम दे डाला ।वही किच्छा चीनी मिल के समीप शिव पुरम वार्ड नंबर 3 में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखो रुपए के कीमती जेवरो और नगदी पर हाथ साफ कर दिया लगातार हो रही चेन स्नेचिंग चोरियो के चलते अपराधी पुलिस को खुला चैलेंज दे रहे है। हालांकि पुलिस विभिन्न माध्यमों से अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर



रही है फिर भी सफलता नहीं मिल रही है। 31 जुलाई को बेनी नदी में मिले अज्ञात महिला के शव की पहचान भी किच्छा पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है जो की पूरी तरह हत्या का मामला सामने नजर आ रहा था। एक पहेली बनी इस घटना के खुलासे के लिए भी किच्छा पुलिस द्वार आधा दर्जन टीमों को खुलासे के लिए लगाया था किंतु कोई भी लाइन पुलिस टीमों के हाथ नहीं लगी है।पुलिस अब महिला की पहचान के लिए ऑनलाइन शॉपिंग पर फोकस कर रही है वही आदर्श कालोनी में चोरों द्वारा चोरी करने का खुला चैलेंज पुलिस को दिया है।जिसमे चोरों द्वारा पहले इलाके की रेकी की गई है उसके सुनियोजित ढंग से चोरी करने का प्रयास किया जिसकी घटना सी सी कैमरे में कैद हो गई।किंतु चोर यहां सफल नहीं हो पाए और दूसरी जगह घटना को अंजाम दे दिया।इस घटना के संबंध मै जांच प्रभारी का कहना था की विडियो साफ न होने के कारण चोरों की पहचान करने में सफलता हासिल नही हो पा रही है ।

# संजय कॉलोनी और मस्जिद कॉलोनी को नगला पालिका में शामिल करने की मांग

किच्छा (उद संवाददाता)।पंतनगर संजय कॉलोनी और मस्जिद कॉलोनी के निवासियों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के आवास पर पहुंचकर नगला नगर पालिका में अपनी कॉलोनियों को शामिल करने के लिए एक मांग पत्र सौंपा। कालोनीवासियों का कहना है कि उनके क्षेत्रों को हाल ही में घोषित किए गए नगला नगर पालिका क्षेत्र में शामिल नहीं किया गया है, जिससे वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह रहे हैं। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कालोनीवासियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें इस मुद्दे पर अपने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा,कि उनके प्रयासों से ही नगला - पंतनगर को मिलाकर नगला नगर पालिका का गठन कराया था लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा आपत्ति के बाद ष्शासन द्वारा घोषित किए गए नगला नगर पालिका क्षेत्र से पंतनगर विश्वविद्यालय, संजय कॉलोनी, मस्जिद कॉलोनी, हल्दी व टीडीसी को अलग रखा गया है। प्रशासन द्वारा मांगे गए आपत्ति एवं सुझावों के तहत मैंने संजय कॉलोनी, मस्जिद कॉलोनी, पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर , और हल्दी को शामिल करने के लिए अपनी



आपत्ति एवं सुझाव जिलाधिकारी को सौंपे हैं। मुझे विश्वास है कि शासन और प्रशासन इस पर गंभीरता से विचार करेगा। पूर्व विधायक ने यह भी बताया कि इन क्षेत्रों के निवासियों के पास बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है, जो नगर पालिका में शामिल होने पर ही पूरी हो सकती हैं। इन क्षेत्रों को नगर पालिका में शामिल करना न केवल निवासियों के जीवन स्तर को सुधारने में मदद करेगा बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संजय व मस्जिद कालोनी निवासियों ने बताया कि उन्होंने प्रशासन के सामने नगला नगर पालिका में मांगी गई आपत्ति में सभी ने नगला नगर पालिका में शामिल रखने की सहमति दर्ज कराया हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व विधायक शुक्ला ने यह भी कहा कि वे इस मुद्दे को जल्द ही उच्च स्तर पर उठाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि इन क्षेत्रों के निवासियों को न्याय मिले। उन्होंने कहा, ष्यह क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहना चाहिए। मैं इस मामले को गंभीरता से ले रहा हूं और इसके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। इस दौरान संदीप वर्मा, श्री विश्वकर्मा, पति लाल, नींबू लाल, छोटे लाल, सचिन, गोविंद, अशोक, अमित , मोनू , मंगली गंगवार, राजेंद्र सागर, छबिलाल सागर, नरेंद्र सागर, देवेंद्र, दुर्गा प्रसाद भारती, राजेश भारती, सुरेश भारती, महेंद्र सागर, चंद्रपाल भारती, भगवान दास सागर, छोटेलाल, देवी सागर, गुड़िया सागर, मनीषा सागर, सुधीर वाल्मीकि, राम वाल्मीकि, हरदयाल, शांति वाल्मीकि, रामपाल सागर, मैंगो देवी, सागर, प्रेमपाल कश्यप, रोहित, लीलाधर, राजेंद्र, आनंद कुमार, राजू कश्यप, प्रीति सागर, गुड्डू प्रजापति, फिरोज , दीपक, भोला ,अखलाक ,अभिषेक, रविंद्र, सुरेश, सोनू ,राजू, अंकुर ,अमित थापा आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा नेता के माफी मांगने पर हड़ताल समाप्त

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर पालिका के कर्मचारी से ड्यूटी के दौरान मारपीट किए जाने के खिलाफ पालिका कर्मियों ने अनिश्चित हड़ताल भाजपा नेता द्वारा सार्वजनिक माफी मांगने के बाद समाप्त कर दी। वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल एवं मुकेश कोली , मनमोहन सक्सेना सहित तमाम लोगों के द्वारा नगर पालिका में बुलाई गई। समझौता बैठक के बाद उक्त निर्णय लिया गया । उत्तराखंड देवभूमि सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार एवं संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता नितिन चरण वाल्मीकि द्वारा बताया गया कि भाजपा नेताओं एवं समाजिक कार्यकर्ता द्वारा समझौता बैठक बुलाई गई जिसमें आरोपी द्वारा सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने को लेकर संगठन द्वारा तथा पीड़ित कर्मचारी द्वारा भाजपा नेता को माफी देते हुए नगर की सफाई व्यवस्था एवं विद्युत व्यवस्था के अलावा अन्य कार्यों को दुरुस्त करने हेतु माफी देते हुए हड़ताल को वापस ले लिया गया है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व विद्युत लाइन पर काम कर रहे श्याम बाबू से एक भाजपा नेता द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाए जाने को लेकर पहुंचे विवाद के चलते मारपीट कर दी थी तथा कर्मचारी के वस्त्र फाड़ दिए थे तथा विभिन्न प्रकार के अब शब्द कहने का भी और आप लग रहा था जिस वजह से समस्त कर्मचारी निश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए थे। जिस पर नगर की तमाम सम्मान नागरिकों एवं प्रशासनिक लोगों द्वारा हस्तक्षेप किया जा रहा था। समझौता वार्ता के दौरान मौके पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, नितिन चरन, शाखा अध्यक्ष कैलाश वाल्मीकि, अरुण, राहुल, रवि, संदीप, अजय कुमार, राजेश, नाथूलाल, अनूप, टोनी, सुंदरलाल, सुरेश, मोहित ,विजय कुमार ,चंद्रपाल, राजेंद्र सिंह, नरेश, विशाल, विनोद कुमार ,रामचंद्र, मीना आदि कर्मचारी मौजूद थे।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मकान 6/344 के गृहकर में मेरा नाम त्रुटिवश राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री ज्ञान चन्द्र शर्मा अंकित हो गया है। मेरा वास्तविक नाम राजन शर्मा पुत्र श्री ज्ञान चन्द शर्मा है। अतः मुझे मेरे वास्तविक नाम राजन शर्मा पुत्र श्री ज्ञान चन्द शर्मा के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

राजन शर्मा पुत्र श्री ज्ञान चन्द शर्मा, निवासी-वार्ड नंबर 5/6, आवास विकास, गदरपुर, उधम सिंह नगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम आरती वैद से बदलकर आरती कौर रख लिया है। भविष्य में मुझे आरती कौर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

आरती कौर पत्नी श्री हरप्रीत सिंह, निवासी- सीपी-10, आवास विकास, वार्ड नं-38, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड


# अधर्म, अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है भगवान श्री कृष्ण का जीवन

### सीएम धामी ने प्रदेशवासियों को दी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन संपूर्ण मानव जाति को अधर्म, अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन चरित्र और संदेशों से हमें सत्य, प्रेम, त्याग, शांति, सेवा भाव और सद्भावना की भी प्रेरणा मिलती है। वे मानवता के सच्चे



संरक्षक और मार्गदर्शक है। उनके श्रीमुख से निकले वाक्य आज गीता के रूप में हमें प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मनुष्य को निष्काम कर्म के लिए सदैव समर्पित रहने, दीन-दुखियों एवं समाज के उपेक्षित वर्ग के कल्याण का भी संदेश दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में भक्ति, ज्ञान, योग व कर्म का जो संदेश दिया है, वह आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से भगवान श्री कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, भाईचारे व समरसता की भावना को बढ़ावा देकर प्रदेश के विकास में भागीदार बनने का भी आह्वान किया है।

# लाखों की चोरी का 24 घंटे में खुलासा

हल्द्वानी। मुखानी थाना पुलिस ने विगत दिवस लोहरिया साल तल्ला में एक घर से लाखो रुपए कीमत के जेवर और नगदी चोरी करने के मामले का 24 घंटे में खुलासा कर तीन शातिर चोरों को चोरी के जेवर तथा नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 24 अगस्त को वादिनी हरप्यारी निवासी लोहरिया साल तल्ला मुखानी द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया था कि अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर से एक तोले का मंगलसूत्र, 20 तोला चांदी के पाजेब, कमरबंद, कड़ा व नगदी चोरी कर लिया गया है। घटना की विवेचना उप निरीक्षक मनोज अधिकारी के सुपुर्द की गयी।घटना के शीघ्र अनावरण किये जाने हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।थानाध्यक्ष मुखानी पंकज जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य जांच पड़ताल के उपरांत चोरी में संलिप्त 3 शातिर चोरों को स्टील फैक्ट्री कमलवागांजा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर



उन्होंने अपना नाम पता महेश कश्यप पुत्र सुरेंद्र कश्यप निवासी ऊंचापुल हरी नगर थाना मुखानी, चंचल सक्सेना पुत्र बाबू सक्सेना निवासी कुसुमखेड़ा बालाजी बैंकट हॉल थाना मुखानी तथा राकेश आर्य पुत्र स्वर्गीय गोपाल राम निवासी नारायण नगर विक्टोरिया नंबर 1 थाना मुखानी बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से चुराए गए पेंडल, एक चांदी का कड़ा एवम नगदी बरामद हुए। टीम में एसआई मनोज अधिकारी, कांस्टेबल धीरज सिंह सुगड़ा, किशन सिंह राणा व अभिनेश शामिल थे।

# एसडीओ ने किया खिलौना ग्रोथ सेंटर का निरीक्षण

सितारगंज(उद संवाददाता)। शनिवार को विकास खण्ड सितारगंज ग्राम पंचायत रूदपुर शक्तिफार्म में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार द्वारा खिलौना ग्रोथ सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खिलौना ग्रोथ सेंटर में स्थापित मशीनों को संचालन हेतु निर्देश दिए और आज से ही ग्रोथ सेंटर में महिलाओं की ट्रेनिंग कराकर सामान तैयार करें और अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के निर्देश दिये जिससे समूह की महिलाएं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकें साथ ही उन्होने भागवत कलस्टर के कार्यालय निर्माण, सीसीटीवी,पंखे, मैन रोड से ग्रोथ सेंटर तक पक्का सीसी रोड,बनाने के निर्देश ,खण्ड विकास अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी सीआर आर्य, अपर सहायक अभियंता सुशील कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बलवीर सिंह ब्लॉक मिशन मैनेजर रीप विजय श्रीवास्तव, आदित्य रॉय, विभिन्न समूहों की दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।



# गुरु नानक एकेडमी में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

नानकमत्ता। श्री गुरु नानक अकैडमी नानकमत्ता साहिब में जन्माष्टमी धूम ध ाम से मनाई गई जिसमे बच्चों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने राधा कृष्ण का वेश भूषा धारण करके सबका मन मोह लिया। डायरेक्टर वांइला रैना ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जन्माष्टमी पर हर साल धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें छोटे बच्चे कन्हैया बनाकर रोल निभाते हैं। इससे बच्चों का आत्मविश्वास व मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक व खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिएहमेशा आगे रहता है,इस अवसर पर एमडी मैडम सुरेंद्र कौर ,प्रिंसिपल मीनाक्षी प्रभाकर ,प्रशासक सुखवंत सिंह ऐक्टिविटी अध्यापक गोविंद अन्ना ,कैलाश पंत, आनंद कश्यप,बबीता बिष्ट ,वंशिका गौर आदि उपस्थित थे।




# दबंगों पर पुलिस नही कर रही कोई कार्रवाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दबंगों द्वारा रूद्रपुर से आ रहे एक वहां चालक को लाठी डंडों से पीटकर उसे अधमरा कर दिया गया। मामले की शिकायत पुलिस से करने केबाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। यह घटना पास लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई है। घायल युवक का पिता इंसाफ के लिए पुलिस के अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। 6 अगस्त को हुई घटना के बाद से अभी तक इस मामले में पुलिस मामला दर्ज करना तो दूर मामले की जांच तक नहीं कर पाई। पीड़ित के पिता ने आरोप लगाया है कि मारपीट करने वाले लोग ऊंची पहुंच रखते हैं और पुलिस उनके दबाव में काम कर रही है। जिसके चलते पुलिस अभी तक मुकदमा नहीं लिख रही है। रामपुर रोड निवासी शोभाराम असवानी ने पुलिस तहरीर देते हुए कहा है कि 6 अगस्त को उसका दत्तक पुत्र सागर रावत गाड़ी से रुद्रपुर से आ रहा था। इस दौरान गन्ना सेंटर के पास उसकी कार के आगे एक बाइक सवार आ गया। जब ड्राइवर ने सड़क पर से बाइक हटाने की बात कही तो बाइक सवार आग बबूला हो गया। इसी के चलते बाइक सवार के बीच विवाद हो गया। इस दौरान बाइक सवार



ने उसके पुत्र सागर रावत के साथ जमकर मारपीट करना शुरू कर दिया। दबंगों ने लाठी डंडों से इतना पीटा की वह अधमरा हो गया।उसके पुत्र को जब होश आया तो उन्होंने उसको दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। शोभाराम सीसीटीवी में कैद फुटेज को लेकरअधिकारियों के चक्कर लगा रहा है लेकिन अभी तक किसी ने भी उसकी फरियाद नहीं सुनी है। अब वह इसकी गुहार मुख्यमंत्री पोर्टल में करने की सोच रहा है।फरियादियों की तुरंत सुनवाई का दावा करने वाली पुलिस लोगों को इंसाफ दिलाने में नाकाम नजर आ रही है। आए दिन फरियादी चौकी थानों में चक्कर काटते नजर आ रहे हैं और पुलिस पर अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं।

# आपदा से राज्य में 1,531 मकानों को पहुंचा नुकसान,114 मार्ग बंद

देहरादून। आपदा में अब तक डेढ़ हजार से अधिक मकानों को नुकसान पहुंच चुका है। इसमें 85 मकान पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। इसके अलावा राज्य में 100 से अधिक एनएच, बार्डर रोड से लेकर ग्रामीण मोटर मार्ग तक बंद हैं। राज्य आपदा परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 जून के बाद से आपदा में राज्य में 1,531 मकानों को नुकसान पहुंचा है। इसमें 1209 को मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा, जबकि 237 मकान ऐसे हैं, जिन्हें बहुत अधिक क्षति हुई। वहीं, 85 मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए। टिहरी जिले में सर्वाधिक 66 मकान पूरी तरह ध्वस्त हुए हैं। आपदा में कई लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक राज्य में 62 लोगों की आपदा से मृत्यु हुई, जबकि 30 घायल हुए। राज्य में 114 मार्ग बंद हैं। इसमें एनएच, बार्डर रोड, राज्य मार्ग, जिला मार्ग से लेकर ग्रामीण मोटर मार्ग शामिल हैं। इसमें सबसे अधि क ग्रामीण मोटर मार्ग प्रभावित हैं। राज्य में 98 ग्रामीण मोटर मार्ग बंद हैं। केदारनाथ में 31 जुलाई को आई आपदा में यूपी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 23 यात्री लापता हुए। अभी भी 20 लोग लापता है, जिनकी खोजबीन चल रही है। सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन के अनुसार लापता लोगों की खोजबीन चल रही है।

# छत के रास्ते हुई चोरी का नहीं हो सका खुलासा

काशीपुर(उद संवाददाता)। बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में छत के रास्ते घर में घुसकर हुई हजारों की चोरी का पुलिस अब तक पर्दाफाश नहीं कर सकी और ना ही इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस की लचर कार्य प्रणाली को लेकर क्षेत्रीय लोगों में असंतोष है वहीं स्थानीय लोग चोरी जैसी घटनाओं को लेकर भय के माहौल में जीवन जीने को विवश हैं। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कल्लू मल बेकरी वाली गली मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी राहुल यादव पुत्र मदन लाल यादव ने बताया कि बीते 22/23 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते उसके घर में घुसकर गल्ले में से 35 हजार रूपयों की नगदी आधार कार्ड पैन कार्ड के अलावा कुछ और जरूरी दस्तावेज समेट लिया और मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता का आरोप है की घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस ने इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया और ना ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को चेक किया गया। पुलिस की लचर कार्य प्रणाली को लेकर क्षेत्रीय लोगों में असंतोष है।

# सांसद अजय भट्ट ने दी श्रींकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनायें

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने देशवासियों व क्षेत्रवासियो को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन संपूर्ण मानव जाति को अधर्म, अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन चरित्र और संदेशों से हमें सत्य, प्रेम, त्याग, शांति, सेवा भाव और सद्भावना की भी प्रेरणा मिलती है। वे मानवता के सच्चे संरक्षक और मार्गदर्शक है। उनके श्रीमुख से निकले वाक्य आज गीता के रूप में हमें प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मनुष्य को निष्काम कर्म के लिए, सदैव समर्पित रहने, दीन-दुखियों एवं समाज के उपेक्षित वर्ग के कल्याण का भी संदेश दिया है।



## पेज एक का शेष...

**कार में महिला और पुरूष...**रूप से गाड़ी में बैठे पाए गए। दोनों के परिजनों द्वारा भी अब तक घटना के संबंध में कोई शंका जाहिर नहीं की गई है।प्रारंभिक जांच में जानकारी मिली कि दोनों अत्यधिक शराब का सेवन करते थे। घटना के समय गाड़ी का इग्निशन ऑन था । प्रथमद्रष्टया संभवत दोनों द्वारा अत्याधि क शराब के सेवन व गाड़ी में एसी की गैस व तापमान के प्रभाव से मृत्यु होने की संभावना प्रतीत हो रही है। घटनास्थल का निरीक्षण फॉरेंसिक टीम द्वारा भी किया गया। निरीक्षण के दौरान फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल से कोई भी संदिग्ध वस्तु,साक्ष्य नहीं मिले। शवो का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृत्यु के कारण की वास्तविक जानकारी प्राप्त हो पाएगी। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आस पास लोगो से घटना के संबंध में पूछताछ करते हुए सभी संभावित पहलुओं पर विस्तृत जांच की जा रही है।

**उत्तराखंड में भूकंप से ...**में ही करीब पांच किलोमीटर नीचे है। इससे किसी प्रकार के नुकसान की बात नहीं है। कंट्रोल रूम से सभी तहसीलों को फोन किया गया था। कहीं से भी नुकसान की कोई सूचना नहीं है। कई जगह झटके महसूस नहीं किए गए। हालांकि तीन से चार दिन निकटता से निगरानी वाले रहेंगे। ऐसा होता है कि हल्का झटका आने के बाद इस दरम्यान बड़े झटके भी आ सकते हैं। इसके लिए सभी तंत्र को अलर्ट किया गया है। बता दें उत्तराखंड भूकंप के लिहाज से संवेदनशील राज्य है । उत्तराखंड भूकंप के अति संवेदनशील जोन पांच में आता है। जोन पांच में रुद्रप्रयाग जिले के अधिकांश भाग के साथ बागेश्वर, पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी जिले आते हैं। ऊधमसिंहनगर, नैनीताल, चंपावत, हरिद्वार, पौड़ी व अल्मोड़ा जोन चार में हैं। देहरादून व टिहरी जिले के कुछ क्षेत्र जोन चार में और कुछ क्षेत्र अति संवेदनशील जोन पांच में आते हैं। हिमालयी क्षेत्र में इंडो-यूरेशियन प्लेट की टकराहट के चलते जमीन के भीतर से ऊर्जा बाहर निकलती रहती है। इस कारण भूकंप आते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो अति संवेदनशील जोन पांच में भूगर्भ में तनाव की स्थिति लगातार बनी है। पिछले रिकॉर्ड के मुताबिक अति संवेदनशील जिलों में ही सबसे अधि क भूकंप रिकॉर्ड किए गए हैं।

**101 दुकानों और भवनों को ..**काम होना है। वर्ष 2023 में सरकार ने 13 चौराहों व तिराहों के चौड़ीकरण के लिए 14.23 करोड़ रुपये जारी कर दिए थे। इसी क्रम में मंगल पड़ाव से लेकर रोडवेज स्टेशन तक संयुक्त सर्वे किया गया था। इसके बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मामले की सुनवाई हुई जिसके बाद यह मामला हाईकोर्ट पहुंच गया था। हाईकोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी थी। एक और याचिका के बाद हाईकोर्ट ने अतिक्रमणकारियों का पक्ष जानने के लिए समय देने को कहा था। ऐसे में 10 दिन की समयावधि पूरी होने जा रही है। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा व लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने सार्वजनिक नोटिस जारी कर दिए हैं। जिसमें मंगलपड़ाव से लेकर रोडवेज तक 101 दुकानदारों व भवन स्वामियों से कहा गया है कि अतिक्रमण चार सितंबर तक हर हाल में हटा लें। अन्यथा बलपूर्वक हटा दिया जायेगा।

**खाली प्लाट में ..** परिजनों ने पुलिस को बताया कि घटनास्थल पर मिली कार राकेश सक्सेना के पुत्र शिखर सक्सेना की है जो मृतक का दोस्त है और वह भी नशे का आदी है। फिलहाल पुलिस की प्रथम दृष्टिया जांच में मामला हत्या का प्रतीत होता है। खबर लिखे जाने तक मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद पुलिस द्वारा उसे परिजनों की सुपुर्द कर दिया गया। मामले की गहन जांच पड़ताल जारी है।

**महिला अधिवक्ता...**बस में सवार हो गए। आरोपी उसकी बराबर वाली सीट पर आकर बैठ गए। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। पीड़िता ने छेड़खानी की सूचना पुलिस के 112 नंबर पर दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में हल्द्वानी निवासी यासीन, उत्तर प्रदेश के उत्तरसिया निवासी नौशाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

**कैंटर के केबिन में...**रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जीजीआईसी में 550 बालिकाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

सितारगंज (उद संवाददाता)।राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चार दिवसीय हाइजीन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिला चिकित्सक ने कक्षा 9 से इंटरमीडिएट की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अर्चना पाठक ने बताया कि 20 अगस्त से 24 अगस्त तक विद्यालय में हाइजीन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉक्टर चांदनी सिंघला, डॉक्टर अंचला रानी ने कक्षा 9 से इंटरमीडिएट की 550 छात्राओं की शारीरिक स्वास्थ्य जांच और नेत्र जांच की। उन्होंने छात्राओं में बढ़ती उम्र के कारण शारीरिक परिवर्तन और हाइजीन संबंधित उपाय के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं के शारीरिक समस्याओं को देखते हुए दवाओं का वितरण करने के साथ ही सेनेटरी पैड भी वितरण किए गए।






संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जन्माष्टमी की शोभा यात्रा में झांकियों ने मोहा मन

## शोभा यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ हुआ भव्य स्वागत, पूर्व विधायक ठुकराल ने गणमान्य लोगों को किया सम्मानित





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विशाल शोभा यात्रा से शहर माहौल भक्तिमय हो गया। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की... नंदी के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की आदि भजनों की धुन के साथ निकली शोभायात्रा का जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इस दौरान शोभा यात्रा में शामिल झांकियों ने मन मोह लिया। आयोजकों ने शोभा यात्रा में पहुंचे गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर सनातन धर्म सभा की ओर से विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान शोभा यात्रा में राधा कृष्ण सहित विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शोभा यात्रा पांच मंदिर से शुरू हुयी और गल्ला मण्डी, काशीपुर मार्ग, इंदिरा चौक, नैनीताल रोड, डीडी चौक, अग्रसेन चौक गांधी पार्क, मुख्य बाजार होते हुए वापस पांच मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुयी। शोभा यात्रा के स्वागत में जगह जगह तोरण द्वार सजाये गये थे। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक संस्थाओं ने जगह जगह शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा अपने तमाम समर्थकों के साथ पांच मंदिर पहुंचकर शोभा यात्रा में शामिल हुए। सनातन धर्म सभा ने शिव अरोरा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आतिशबाजी के साथ शोभा यात्रा का स्वागत किया। राजकुमार ठुकराल ने सनातन धर्म सभा, अग्रवाल सभा सहित विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के गणमान्य लोगों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सनातन धर्म सभा की ओर से ठुकराल सहित तमाम अन्य गणमान्य लोगों को भी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। शोभा यात्रा के दौरान हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, नंद के आनंद भयो जय आदि समेत तमाम भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आये। शोभा यात्रा से शहर का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, नन्दलाल भुड्डी, रोहताश बत्रा, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जसविंदर सिंह खरबंदा, गुरमीत सिंह, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, धीरेन्द्र मिश्रा, राजकुमार साह, सुरेश कोली, उपेंद्र चौधरी, दिलीप अधिकारी, राजेश बजाज, सोनू अनेजा, विराट आर्य, तरुण दत्ता, के के दास, मनोज मदान, धीरेश गुप्ता, वेद ठुकराल, विजय जग्गा, तिलकराज घई, जुगल किशोर बांम्बा, बलवंत अरोरा, सुरेश राजदेव, राकेश सुखीजा, विजय विरमानी, राकेश राजदेव, अश्वनी बजाज, नरेश शर्मा, गौरव बेहड़, शशि अरोरा, रजत तागरा, करम चन्द राजदेव, हिमांशु शुक्ला, जगसोरान मलिक, रमेश कालरा, योगेश वर्मा, आयुष चिलाना, भीमसेन गुप्ता, मोहित चड्ढा, मोहित कक्कड़, स्वाति शर्मा, माहि सकलानी, जितेंद्र संधू, बिट्टू चौहान, चन्द्रसेन कोली, प्रमोद शर्मा, भीमसेन, शिवकुमार, संजय आर्य, गौतम पपनेजा, विकास सागर, निमित्त शर्मा, कुलदीप, राजीव शुक्ला, सरिता चौधरी, रचित सिंह राहुल गुप्ता, राजेश जग्गा , नरेश उप्रेती, सुधीर डागर, विनय बत्रा, मयंक कक्कड़, संजय हलदार, नमन चावला ,ठाकुर जगदीश सिंह, राजकुमार भूसरी, गौरव सोलंकी, संजय ठुकराल, अजय नारायण ,तेजपाल राणा, राजीव चावला, सुखवंत सिंह विर्क, संजीव गुप्ता, सुदीप सिंह, भुवन गुप्ता, आकाश बाटला, राकेश सिंह, शत्रुघ्न सिंह, सुशील कुमार, महेश चौहान, विनीत जंतवाल, अंकित, गगन ग्रोवर, सुरेंद्र सिंह सरजू ,मनीष ठुकराल, विजय बत्रा, आर्यन राणा, मनोज शर्मा, रामकुमार गुप्ता, खेमकरण भगत जी, पप्पू मनचंदा, रजत गुप्ता, अभय शर्मा, आदेश गंगवार, कपिल गंगवार, पुष्पेंद्र सोनकर, महेंद्र पाल प्रजापति, राहुल, वसीम त्यागी, हैप्पी चौहान, बिट्टू अरोरा, संदीप ठुकराल, बंटी कोली, ललित बिष्ट, विशाल मैहरा, गुरमीत सिंह, सतपाल, अमरपाल, नीचे सुरेंद्र गंगवार, निजय, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, कमल सोनकर, मनोज गुप्ता, कपिल बत्रा, मधुर चौहान, विपिन राजपूत, शुभम ठाकुर, सन्नी जौहरी,गौरव शुक्ला, राजेश राठौर, नितिन श्रीवास्तव, रोहित ठाकुर, बादल राजपूत, चेतन जोहरी, अजय यादव, पवन राठौर, शिवा सैनी, हेमंत वर्मा, निखिल ठाकुर, रामाधारी गंगवार, रंजीत सिंह राणा,राहुल सरीन , बॉबी टुटेजा,रामफल, सुरेंद्र सिंह, एस एन वर्मा , सौरभ सेन, सुरेंद्र रावल, संजीत राणा, रोहित खुराना , संदीप डोगरा, बजरंग पारीक, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता, अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष श्रीओम अग्रवाल, महामंत्री अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकुल मित्तल, गजानंद बंसल, ताराचंद अग्रवाल,राजेंद्र तुलस्यान, शिव कुमार बंसल, दीपक बंसल, वैभव मित्तल, साकेत अग्रवाल, अक्षय मित्तल, हरिओम अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, नितिन गोयल, अंकित अग्रवाल, अमन अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल,बलराम अग्रवाल, नितेश गुप्ता,हेमंत गर्ग,नरेंद्र बंसल, गौतम रूंगटा, महंत रमेश वशिष्ठ, मुकेश वशिष्ठ, नितिन कौशिक, इन्द्रेश मिश्रा, विश्वनाथ शर्मा, अभिषेक वशिष्ठ, प्रदीप शर्मा, लोकेंन्द्र त्रिवेदी, पदम शर्मा, धीरू त्रिपाठी, देवेन्द्र कौशिक, शिवेश शर्मा, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, सीसी शुक्ला, प्रवीण शर्मा, ममता त्रिपाठी, छाया शर्मा, दीपा जोशी आदि मौजूद थे।

## विभिन्न संगठनों ने किया शोभा यात्रा का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर सनातन धर्म सभा के नेतृत्व में नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का शहर में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों ने जोरदार स्वागत किया। भगत सिंह चौक पर बद्री केदार संगठन एवं जिला कांग्रेस कमेटी, शिवाजी चौक पर स्थानीय व्यापारी, गल्ला मण्डी में आढ़ती एसोसिएशन व ब्राम्हण समाज, अमृत अस्पताल के पास ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, नगर के सामने पूर्व मेयर एवं पार्षद, जूनियर हाईस्कूल के सामने सिब्बल सिनेमा रोड के व्यापारी, बाटा चौक पर सिख क्लब, पुरानी इलाहाबाद बैंक गली में गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान पुष्प वर्षा के साथ ही प्रसाद वितरण भी किया गया। मुख्य बाजार में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने अनुज संजय ठुकराल के साथ श्री सनातन धर्म सभा, अग्रवाल सभा सहित विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाओं से जुड़े गणमान्य लोगों को शॉल औढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्री ठुकराल ने शोभा यात्रा का आतिशबाजी करते हुये जोरदार स्वागत भी किया गया। शोभायात्रा में जगह जगह प्रसाद वितरित किया गया।

